**खबर संक्षेप**

## खेरमाई मंदिर के पास लिख रहे सट्टा पट्टी



**बम्हनीबंजर।** शहर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी लंबे समय से जुआ व सट्टे का कारोबार बेखौफ संचालित हो रहा है। अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस कारण क्षेत्र में खुलेआम यह कारोबार खूब फलफूल रहा है। शहर के आसपास के गांवों में चल रहे अवैध कारोबार से कई परिवार बर्बाद हो रहे है। क्षेत्र में कानून व्यवस्था इस तरह बिगड़ी है कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को पुलिस का जरा भी भय नहीं है। इस कारण जुए के अड्डे व सट्टे की खाईवाल के हौसले बुलंद हैं।

## पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय मंडला में कक्षा दूसरी में एक स्थान रिक्त

**मण्डला।** पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय मंडला में कक्षा द्वितीय (कक्षा दूसरी) में प्रवेश हेतु एक स्थान रिक्त है। प्रवेश हेतु इच्छुक अभिभावक 2 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 के बीच आवेदन कर सकते हैं। कक्षा द्वितीय में प्रवेश हेतु बच्चे की आयु 1 अप्रैल 2025 को 7 वर्ष से 9 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। (बच्चे का जन्म 1 अप्रैल 2016 से 1 अप्रैल 2018 के बीच होना चाहिए) प्रवेश हेतु फार्म (निर्धारित आवेदन पत्र) 2 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 तक (प्रातः 9 से अपराह्न 1 बजे के बीच) विद्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनिवार्य दस्तावेजों के साथ 2 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक (प्रातः 9 से अपराह्न 1 बजे के बीच) विद्यालय में जमा किये जा सकते हैं।

### अधिकार नहीं फिर भी ग्राम पंचायत ने काटने की दे दी अनुमति

# दर्जनों हरे सागौन वृक्षों का कत्लेआम





*** जोरो पर है लेनदेन व मिलीभगत की चर्चा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पर्याप्त ऑक्सीजन व्याप्त रहे, इसके लिए विभिन्न स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने एवं वृक्षों को सुरक्षित बनाये रखने के प्रयास किए जाते हैं। पिछले दिनों तो नर्मदा नदी के किनारे पौधारोपण करने पर ना जाने कितनी राशि सरकार की खर्च की गई, पौधे कितने तैयार हुए कोई ऑकड़ा स्पष्ट सामने नहीं आया। लेकिन इसके विपरीत ग्रीनलैण्ड में अवैध प्लॉटिंग होने से वृक्षों को बेरहमी से काटा जा रहा है। ऐंसा ही एक मामला विगत दिवस शहर से लगी हुई ग्राम पंचायत सकवाह के पोषक ग्राम रामबाग में झूलापुल के समीप नदी के किनारे हल्का नंबर 90, खसरा नंबर 4/3/2/1 पर लगे 10 सागौन के हरे एवं तीन सूखे वृक्षों को पटवारी, सरपंच, सचिव एवं भू-स्वामी की मिलीभगत से फर्नीचर व्यापारी भाजपा पार्षद रामजी गायक द्वारा मशीन से काट दिया गया। यह दृश्य देख स्थानीय उपसरपंच हरिलाल बरमैया द्वारा आपत्ति जताते हुए वन विभाग को सूचना देकर 181 सीएम हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज करायी गई। जानकारी मिलते ही मीडिया के लोग मौके पर पंहुच गये तो शेष अन्य वृक्ष बच गये नहीं तो यह संख्या और भी अधिक होती। समय पर वन विभाग की टीम पंहुच गई लेकिन कार्यवाही करने में असमर्थता व्यक्त की गई। क्योंकि यह मामला राजस्व विभाग के अधीन है तब लगभग 4 घण्टे बाद राजस्व विभाग की टीम के द्वारा पंहुचकर पंचनामा बनाते हुए कटे वृक्षों को जप्त किया गया। बताया गया कि भू-स्वामी दिलीप कुमार पिता रमेश्वर गौतम एवं महेन्द्र कुमार पिता हल्कु राम तेजा के आवेदन पर ग्राम पंचायत द्वारा पटवारी प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 28.03.2025 को प्रस्ताव पारित कर उक्त सागौन के हरे वृक्षों को काटने की लिखित अनुमति दी गई थी। जानकारों के अनुसार राष्ट्रीयकृत वृक्षों को काटने की अनुमति देने का अधिकार ग्राम पंचायत को नहीं है। यह अधिकार कलेक्टर एवं एसडीएम के पास सुरक्षित है। अब सवाल उठता है कि पढ़े लिखे भू-स्वामी उन वृक्षों को कटवाने के लिए ग्राम पंचायत को आवेदन क्यों दिए। यह आवेदन कलेक्टर व एसडीएम को देना था और आवेदन दिया भी गया था तो सचिव व पटवारी को अपने उच्चाधिकारियों को संज्ञान में लाना था। लेकिन ऐंसा नहीं किया गया क्योंकि कुरचना करके उन वृक्षों का कत्ल किया गया है। चर्चा व्याप्त है कि इस मामले में लेनदेन हुआ है। अब देखना होगा कि, संबंधित जिम्मेदार कौन-कौन को दोषी मानकर क्या कार्यवाही करते हैं फिलहाल तो उन वृक्षों से मिलने वाली ऑक्सीजन से हम वंचित हो गये हैं।





## श्रीमती संपतिया उइके ने विवाह/निकाह सामूहिक कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने सोमवार को मंडला जिले के ग्राम पंचायत टिकरवारा में 16 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में विवाह स्थल, मंच व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पेयजल प्रबंध, पार्किंग व्यवस्था सहित की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना की संपूर्ण तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर ली जाए। 16 अप्रैल को ग्राम टिकरवारा में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में 1100 वर-वधुओं का वैवाहिक/निकाह कार्यक्रम संपन्न किया जायेगा। इस दौरान श्रद्धा उइके, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री रोहित बड़कुल, कार्यपालन यंत्री पीआईयू श्री जेपी पटले सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में जनपद पंचायत मंडला, नैनपुर, नगरपालिका मंडला, नैनपुर और नगर परिषद बम्हनी बंजर सम्मिलित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले जोड़े में से कन्या को 49000 रूपए की राशि का एकाउंट पेयी चैक सहायता राशि के रूप में प्रदान किये जाने का प्रावधान है। साथ ही विवाह कार्यक्रम आयोजन हेतु आयोजक निकाय को 6000 रूपए प्रति जोड़े के मान से राशि प्रदाय की जाती है। इस प्रकार कुल 55000 रूपए प्रतिजोड़े की राशि का प्रावधान है। उपरोक्त निकायों के इच्छुक वर-वधु मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत संबंधित निकाय में आवेदन निर्धारित दस्तावेजों सहित जमा कर इस योजनांतर्गत सहायता राशि प्राप्त कर सकता है।

### आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज

मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजनांतर्गत वर/वधु के अभिभावक का मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र। वधु व उसके वर की 9 अंकों की समग्र आईडी। वधु व वर के आधार कार्ड की छाया प्रति। वधु व वर का आयु प्रमाण पत्र। आयु की पुष्टि हेतु वधु और वर द्वारा निम्नांकित दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत किया जावे- स्कूल का प्रमाण पत्र (टी.सी.) अथवा अंक सूची जिसमें जन्मतिथि अंकित हो अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया, जन्म प्रमाण पत्र अथवा मतदाता सूची/मतदान परिचय पत्र जिसमें आयु अथवा जन्म तिथी अंकित हो। शासकीय चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा आयु हेतु जारी प्रमाण पत्र अथवा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम का जाब कार्ड, अन्य दस्तावेज जो आयु सिद्ध करने हेतु कानूनी रूप से स्वीकार हो, वधु व उसके वर के पासपोर्ट साईज के दो-दो फोटोग्राफ देने होंगे।

## 1 अप्रैल को शालाओं में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत सभी शालाओं में 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें प्राइमरी एवं मिडिल हाई स्कूल के छात्राओं को प्रवेश उत्सव के दौरान उन्हें तिलक बंधन कर पुस्तक वितरित की गई शासकीय हाई स्कूल मानेगांव में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा प्रचाय अंग्रेज सिंह उईके सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बच्चों को तिलक बंधन कर पुस्तक वितिरण की गई जिसमें एक शाला एक परिसर के तहत प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल के छात्राओं को पुस्तक दी गई शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मॉडल स्कूल कुडा मैली में प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें मॉडल स्कूल के प्रिंसिपल एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा आरके गुप्ता एवं नारायणगंज के गाणमान नागरिक में रघुनंदन विश्वकर्मा रतन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में छात्राओं को अभ्यास पुस्तक दी गई इस तरह विकासखंड नारायणगंज के माध्यमिक शाला प्राथमिक शाला सिगौघा प्राथमिक शाला बीजेगांव मानेगांव एक शाला एक परिसर खमरिया प्राथमिक शाला पिपरिया प्राथमिक शाला गवऱी टोला मानेगांव एवं भौई टोला प्राथमिक शाला एक साल एक परिसर मैली में खंड संयोजक आरके गुप्ता के समक्ष प्रधान पाठक परम सुख सोनी एवं गांव के गणमान्य नागरिकों के इस कार्यक्रम में उपलक्ष में सभी छात्राओं को पुस्तक तिलक चंदन करके वितरित की गई विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा द्वारा सभी शाला में उपस्थित होकर प्रवेश उत्सव के तहत छात्राओं को पुस्तक वितरित की गई नारायणगंज नारायणगंज के बालक नारायणगंज के बालक हाई स्कूल में प्रिंसिपल रानू बैन एवं ग्राम पंचायत के सरपंच राजकुमारतेकाम की उपस्थिति में चार छात्रों को पुस्तक इन तिलक बंधन कर भेंट की गई छात्रा काफी उत्साहित दिखाई दिए इस तरहसभी शाला परिसर के स्टाफ की उपस्थित सराहनी रही।

**घेराव** | **प्रदर्शन के बाद विद्यालय प्रशासन ने रामायण की स्थिति के लिए मांगी माफी।**

# अमल ज्योति विद्यालय का किया घेराव

*** विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन कर बताई हकीकत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडला नगर के द्वारा मंगलवार को अमल ज्योति विद्यालय में आंदोलन कर विद्यालय का घेराव किया विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बताया कि दिनांक 27 मार्च 2025 को बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम द्वारा अमल ज्योति हायर सेकेंडरी विद्यालय, महाराजपुर का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में निम्नलिखित गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं।

विद्यालय की पुस्तकालय में ईसाई धर्म विशेष की कई पुस्तकें पाई गईं, जो अप्रत्यक्ष रूप से धर्मांतरण की आशंका उत्पन्न करती हैं। रामायण ग्रंथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पाया गया, जिससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं विद्यालय में विद्यार्थियों से अनावश्यक और मनमानी फीस वसूली की जा रही है। इन सभी विषयों को लेकर विद्यार्थी परिषद ने आज लगभग 4 घंटे विद्यालय के सामने विद्यालय प्रशासन से रामायण ग्रंथ के विषय में माफ़ी मांगने हेतु प्रदर्शन किया जिसके बाद विद्यालय प्रशासन ने माफ़ी मांगी। इसके बाद SDM को मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें अमल ज्योति विद्यालय, महाराजपुर की मान्यता तत्काल समाप्त की जाए।विद्यालय में अप्रत्यक्ष रूप से धर्मांतरण की गहन जाँच कर दोषियों पर उचित कार्यवाही की जाए।विद्यालय के संपूर्ण वित्तीय लेन-देन की जाँच कर विद्यार्थियों से वसूली गई अवैध फीस अभिभावकों को लौटाई जाए। साथ की थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन में मांग की गई कि विद्यालय संचालक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की जाए। विद्यार्थी परिषद ने प्रशाशन से 7 दिवस की अंदर कार्यवाही की बात कही है अन्यथा उग्र रूप से प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

### साइन फॉर इंडिया विद्यालय घुटास की मान्यता समाप्त करने की मांग

इस विषय को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बताया कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने साइन फॉर इंडिया विद्यालय का निरीक्षण किया जिसमें विद्यालय मैं भोले वाले आदिवासी छात्राओं को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करना पाया गया सबसे बड़ा विषय यह है कि यहां आदिवासी बच्चों के साथ-साथ बैगा जनजाति बच्चों को भी कन्वर्ट किया जा चुका है बिना माता-पिता के अनुमति के इनको प्रार्थना कराई जाती है एवं उनके स्कूल फॉर्म में भी क्रिश्चियन रिलिजन लिखा गया है, इसी तरह आदिवासी जिला मंडला में ईसाई मिशनरियों के द्वारा विद्यालय को धर्मातरण का अड्डा बनाया हुआ है लगभग सभी स्कूलों में इसी तरह के मामले सामने आ रहे हैं, ऑपइंडिया के पास वीडियो फोटो मौजूद हैं। प्रार्थना करने से लेकर एमपी बाल संरक्षण आयोग के सदस्यों से बातचीत तक के, इन वीडियो और अन्य जानकारियों को कार्रवाई के लिए आगे भेजा गया है। विद्यार्थी परिषद ने इस विषय को लेकर जल्द से जल्द कार्यवाही करने की मांग की।



## खबर संक्षेप

### खैरूआ स्कूल में प्रवेश उतसव के दौरान पुस्तकों का किया वितरण

सालीचौका। शासन के आदेश अनुसार 1 अप्रैल से नये शिक्षा सत्र की शुरूआत होने के चलते सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाने के आदेश जारी किये गये थें। इसी के चलते बीते हुये मंगलवार को समीपस्थ शासकीय हाई स्कूल खेरूआ में प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें पार्षद श्री दुर्गा प्रसाद पटेल के विशिष्ट आतिथ्य में एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक भवानी प्रसाद पटेल, इकबाल खान की उपस्थिति में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर पुष्प कुछ से स्वागत करते हुए पुस्तक वितरित की गई। वही विद्यार्थियों को दुर्गा प्रसाद पटेल द्वारा संबोधित किया गया तथा प्राचार्य एमएल साहू द्वारा विद्यालय के परीक्षा परिणाम एवं अनुशासन प्रिय माहौल की सरायना करते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर सालेय स्टाफ में शिवकुमार पटेल, सुबोधकुमार पटेल, विजय कुमार नामदेव सुनील कुमार वर्मा, शिवम कौरव एवं नवनीत त्रिवेदी उपस्थित रहे।

### आस्था का प्रतीक है ग्राम झिरियामाता का बारही माता का मंदिर

सांईखेड़ा। इस समय चल रहे नवरात्र के चलते जहां चारों ओर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम तो मची हुई है। मगर वही क्षेत्र में कुछ स्थान इस प्रकार के भी है जो नवरात्र के दौरान वहां पर भक्तों की भीड़ लगते हुये देखी जाती है। कुछ इसी प्रकार से जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम झिरिया माता में मां बारही देवी के दरबार में चैत्र नवरात्र पर दूर-दराज गांवों के आलवा रायसेन, होशंगाबाद एवं आसपास के श्रद्धालुओं का मातारानी के दर्शनों के लिए पहुचंते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि कहा जाता है कि जो भी भक्त माता की शरण में पहुंचता है वह कभी खाली हाथ नही लौटता है। इस मंदिर में चैत्र की सप्तमी के मौके पर मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाती है। मां बारही के दरबार में अपने परिवार के साथ श्रद्धालु यहां आकर भोजन प्रसादी बनाकर देवी को भोग लगाते है, मेला में प्रशासन एवं जनपद स्तर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करायी जाती है जिससे यह मेला शनैः शनैः अपनी पहचान खोता जा रहा है।

### बीटीआई स्कूल मे मनाया प्रवेश उत्सव

गाडरवारा। मंगलवार को नवीन शैक्षणिक वर्ष के प्रथम दिवस पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बी टी आई गाडरवारा में सम्माननीय मिनेंद्र डागा सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी भाजपा एवं रोटरी क्लब मेंबर ,श्रीमती पूजा तिवारी जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं पार्षद महाराणा प्रताप वार्ड, शुभम राजपूत नगरपालिका सभापति सतीश कौरव आजाद वार्ड की गरिमा मय उपस्थिति में विद्यालय में प्रवेशोत्सव एवं स्कूल चले अभियान कार्यक्रम सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम छात्रों को तिलक लगाकर स्वागत किया एवं उन्हें पुस्तक वितरण भी किया गया तथा वर्ष 24-25 में कक्षा आठवीं ,नौवीं एवं ग्यारहवीं में कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष तथा विशेष अतिथि एवं प्राचार्य महोदय द्वारा शील्ड देकर पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ए.ब्राउन ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटेल द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत राजेश दुबे, मनमोहन शर्मा श्रीमती सविता देवी मिश्रा, के के राजोरिया, रोहित बाल्मिक द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थें।

### निजी शालाओं में सुविधाओं की कमी

चीचली। इस समय जिस प्रकार से शिक्षा के नाम पर लोगों द्वारा जिस प्रकार से दुकानदारी चलाई जा रही है उससे बच्चों का भविष्य बनना कम और स्कूल संचालको का निजी स्वार्थ ज्यादा ही नजर आ रहा है? क्योंकि शहर के साथ साथ ग्राम क्षेत्रों में दिन दिन ऊंग रही शिक्षण संस्थाओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह स्कूल शिक्षा विभागों के नियमों के विरूद्ध स्थापित सुविधाहीन शालायें शिक्षा के नाम पर व्यवसाय करने में जुटी हुइं हैं? इस प्रकार के विद्यालयों में मूलभुत सुविधाओं अलावा विशेषज्ञ शिक्षकों एवं खेल मैदानों का अभाव एक विकट समस्या बना हुआ है, जिसका प्रभाव छात्रों पर पड़ रहा है। इस शहर शहरों के साथ गांव गांव स्थापित निजी शालायें मात्र शिक्षा की दुकान बनकर रह गई हैं? ऐंसी दुकाननुमा शालाओं की शिक्षा हमारे होन हारों पर क्या असर छोड़ेगी इससे सभी अंजान नहीं हैं? शिक्षा की दुकान बनी निजी शालाओं को बढ़ावा देने में पालक भी कम दोषी नहीं हैं। क्योंकि वे जानबूझकर निजी शालाओं के आकर्षण में पड़कर बच्चों का दाखिला करवा देते हैं।

## लगता है कि शायद अब हर गारंटी के पहरेदारों ने शासकीय धन की होली खेलकर अपनी जेबे भरने वालों को दी है छूट, हाल ही में निर्मित हुई भौरझिर खुलरी सिहोरा रोड़ अपने निर्माण के चंद सावन देखने के पहले ही निकल रही दरारों में पैदा होने लगी झाड़ियाँ... कहीं उद्यान बनाने की योजना तो नही...?







**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।**


इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब क्षेत्र में किसी बड़ी सौगात मिलती है तो जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की मेहनत का ही परिणाम होता है। मगर जब उस सौगात का निर्माण कार्य होने के दौरान उसमे गुणवत्ता को दर किनार करते हुये गफलबाजी की जाने के दौरान जिम्मेदारों की चुप्पी निश्चित तौर से उसके द्वारा की गई सारी मेहनत पर पानी फिरने में देर नही लगाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय करोड़ो की लागत से चंद वर्ष पहले निर्मित हुई क्षेत्र के लिंगा से कुसमी सगौरिया होते हुये भौरझिर, खुलरी से सिहोरा सीमेन्ट सड़क के निर्माण कार्य के दौरान जो सच्चाई देखने मिली है उसके चलते जिस प्रकार से निर्माण कार्य करने वाली एजेंसी द्वारा गफलत बाजी बरती गई है उसका हाल ऐसा बनते हुये देखा जा रहा है कि सही मायाने में देखा जावे तो अभी तक इस सीमेन्ट सड़क का कार्य पूरा भी नही हो पाया है और सड़क पर जहां तहां से निकल रही दरारो के साथ साथ टूटती हुई सड़क अपनी गुणवत्ता की सच्चाई को खुद ही उजागर करने से नही चूक रही है? बताया जाता है कि करोड़ो की राशि से बनाई गई इस सीमेन्ट सड़क की जब क्षेत्रवासियों के लिये सौगात मिली थी तो निश्चित तौर से क्षेत्र के लोग फूले नही समा रहे थें कि अब क्षेत्रवासियों को लम्बे समय तक सड़क की परेशानी से निजात मिल जाबेगी। मगर यह सोच क्षेत्र के लोगों के लिये एक सपना ही साबित होने से नही चूक पाई तथा हाल ही में निर्मित हुई सड़क जिस प्रकार से जहां तहां से टूटते हुये अपनी गुणवत्ता कहानी बता रही है । इस सच्चाई को लगातार उजागर किये जाने के बाद भी कोई जांच न होना निश्चित तौर से इस बात का संकेत देते हुये जान पड़ रहा है कि शायद अब इस गफलत बाजी के खेल में अधिकारियों से लेकर जिम्मेदारों की भी भागीदारी हो चुकी है? क्योंकि जिस तरह करोड़ो की राशि से बनाई गई इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण के दौरान निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जिस गुणवत्ता का अपनाते हुये कार्य शुरू किया गया तो शुरूआती तौर से ही मीडिया द्वारा आवाज उठाना शुरू कर दिया गया था। मगर इसके बाद भी ध्यान नही जिये जाने का परिणाम है कि करोड़ो की लागत से बनी यह सड़क गफलतबाजी की भेंट चढ़ने से नही चूक पाई है। इस ओर किसी भी तरह से न तो संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया गया था और न ही क्षेत्र के जिम्मेदारों द्वारा जिसका परिणाम इस तरह से देखने मिला कि इस सीमेन्ट सड़क का निर्माण होते ही जहां जहां से सड़क को टूटते हुये देखे जाने के कारण उसकी गुणवत्ता उजागर होने लगी है। इस प्रकार से हाल ही में निर्मित हुई इस सीमेन्ट सड़क के जहां तहां से टूटने की सच्चाई को लेकर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उजागर करते हुये जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाते हुये सड़क निर्माण के गुणवत्ता की सच्चाई को उजागर किया गया था। मगर शायद उनके द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का कोई ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि अब निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा अपनी सच्चाई को छुपाने की सोच रखते हुये आये दिन सड़क पर निकल रही दरारों की लीपा पोती करते हुये देखा जा रहा है? तो दूसरी ओर सड़क को लेकर हैरत की बात यह देखने मिल रही है कि इस तरह करोड़ो की राशि से निर्मित होने जा रही इस सीमेन्ट सड़क जिस प्रकार से अपने निर्माण के चंद दिवस के उपरांत यानि की अभी निर्माण कार्य सही रूप से पूर्ण भी नही हो पाया और सड़क का जहां तहां से टूटना शुरू हो चुका है उसको लेकर न तो संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर हर बात की गारंटी का भरोसा दिलाने वाले पेहरेदारों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा जिसके चलते निश्चित तौर से क्षेत्र के लिये मिली करोडो की सौगात गफलतबाजी के भेंट चढ़े जाने के बाद भी आज तक किसी अधिकारी द्वारा इसकी जांच करना भी उचित नही समझा गया है और परिणाम है कि सड़क लगाता टूटते चली जा रही है। बताया जाता है की सड़क के बीचों बीच निकल रही दरारो के बीच मे जहां झाड़ियाँ पैदा होते हुये दिखाई देने लगी है। वही दूसरी ओर सड़क के बीचों बीच निकल रही इन दरारों में आये दिन दो पहिया वाहन दुर्घटना का शिकार होते हुये देखे जाना आमबात होने लगी है। इस तरह क्षेत्र के विकास के नाम पर अधिकारियों की अनदेखी के चलते शासकीय धन की होली खेली गई है उसको लेकर हर भरोसे की गारंटी देने वाले पेहरेदारों से लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी निश्चित तौर से अनेक सबालों को जन्म देने से नही चूक रही है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।** समीपस्थ ग्राम सूखाखैरी निवासी तुलसीराम सोनी के निवास स्थान पर आयोजित होने वाले श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ पूर्व ग्राम में भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान तहां महिलाये अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी तो दूसरी ओर युवा बैंडबाजों की धुन पर भक्ति में लीन होकर भक्ति की गंगा में गोता लगाते हुये नजर आने से नही चूक रहे थें। यह कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची एवं पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। ज्ञात हो कि संगीतमय भागवत कथा का आयोजन आज 2 अप्रैल से 8 अप्रैल तक चलेगा। इस आयोजन में कथा वाचक के रूप में पं.वीरेन्द्र कुमार शास्त्री ग्राम तेंदूखेड़ा छोटा वालों द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन अपनी मधुर वाणी में माध्यम से सुनाया जावेगा।

## भीष्म कार्मल स्कूल सूखाखैरी में वार्षिक उत्सव के दौरान बच्चों ने पेश किये मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम


**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।**

शिक्षण संस्थाओं में बच्चों को शिक्षा के साथ जिस तरह खेल व अन्य प्रकार की शिक्षा प्रदान की जाती है उसकी सच्चाई उस समय देखने मिलती है जब बच्चों को मंच पर आने का अवसर प्राप्त होता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस ग्राम सूखाखैरी भीष्म कार्वल स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिक उतसव के दौरान देखने मिला जब बच्चों द्वारा पेश किये गये रंगारंग कार्यक्रम के दौरान सभी का मन मोह लिया। ग्राम सूखाखैरी भीष्म कार्मल स्कूल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव का रंगारग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय सेवा निवृत शिक्षक द्वारका प्रसाद राय की अध्यक्षकता मे सम्पन्न हुआ। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप मे वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव, राम रोटी सेवा समिति अध्यक्ष विशाल ठाकुर एवं साईं श्रद्धा सेवा समिति के संस्थापक आशीष राय की गरिमामय उपस्थिति रही। वही इस कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों ने अपने उदवोदन में स्कूल के माध्यम से नवोदय विद्यालय में परीक्षा में चयनित होकर अपने विद्यालय एवं माता - पिता का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों की सराहना की गई। वही स्कूल की संस्कार,संस्कृति और नीति पर प्रकाश डालते हुए उज्जवल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दी गई। वहीं स्कूल के डायरेक्टर ब्रजराज कौरव और प्राचार्य रमाकांत कौरव ने कहा वार्षिक उत्सव हमारे छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं और अपने साथियों के साथ जुड़ सकते हैं। इस उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक,नृत्य, संगीत और नाटक के पूरे भव्यता के साथ आयोजन हुआ। छात्र छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए सभी दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही वार्षिक उत्सव का समापन एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अतिथियों को सम्मान रुपी स्मृति चिन्ह भेंट करने के साथ हुआ। समापन के बाद भीष्म कार्मल स्कूल के डायरेक्टर ब्रजराज कौरव द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और कार्यक्रम के सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## प्रवेश उत्सव के दौरान सी एम राइज विद्यालय में पहुंचे छात्र छात्राओं में देखने मिला अनोखा उत्साह




**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

प्रदेश के विद्यालयीन इतिहास में पहली बार पहली अप्रैल को विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक वितरित कर प्रवेशोत्सव का हुआ श्रीगणेश हुआ है। नवीन शिक्षा सत्र का आरंभ चार दिवसीय प्रवेशोत्सव से हुआ जिसमें प्रथम दिवस पर भाजपा मंडल साईंखेड़ा दिग्विजयसिंह के मुख्यातिथ्य में आरंभ हुआ। इस मौके पर सर्वप्रथम माँ सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम आरंभ हुआ। वही दूसरी ओर विद्यालय के संगीत विभाग द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात संस्था प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा ने अपने प्रतिवेदन में विगत सत्र की उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुए आगामी सत्र के लक्ष्य प्रस्तुत किये गए। उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा प्रथम दिवस उपस्थित विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों में ओमप्रकाश पटेल, धर्मेंद्र पटेल, सुरेंद्र तोमर, शिवांश दुबे, कीरत सिंह पटेल दिग्विजयसिंह राजपूत ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित किया। सभी शिक्षकों ने कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को नए सत्र की गतिविधियों की जानकारी देते हुए निरंतर कक्षाओं में उपस्थिति की प्रेरणा दी। वही अपने उद्बोधन में भानुप् रताप राजपूत ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी कक्षाओं के टॉप तीन विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरित किये गए। कार्यक्रम का संचालन मनीष शंकर तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य जनों की उपस्थिति पर आभार अर्चना तिवारी द्वारा जताया गया। इस अवसर पर सरदार सिंह राजपूत, भाईजी चौधरी, सोनल दीक्षित, पुष्पा सिलावट, आरती पटेल, ओम जी कौरव, निरंजन झारिया, भागीरथ प्रसाद, पुण्य प्रताप वर्मा, रीतेश अवस्थी, ब्रजबाला मालवीय, अखिलेश मेहरा, रूपसिंह कुशवाहा, मनोहर पटेल, आज़ाद पटेल, दीपक लोधी, दीपमाला धुर्वे, विष्णु घानिया, मुकेश मेहरा, सुधीर प्रजापति, अमन शर्मा, महिमा लोधी, रत्नेश मिधोतिया, आकाश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## अद्भुत शिवलिंग को कच्चे दूध से करें अभिषेक, औरतों के तीन दोष होंगे दूर-केशव गिरी महाराज

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**



आजीवन परिक्रमा वासी संत शिवानंद महाराज के सानिध्य में दादाजी धूनी वालों की नगरी साईंखेड़ा में चल रहे 21 दिवसीय महा धूनी पूजन एवं शिव पुराण में लगातार भक्तों की तादाद बढ़ती चली जा रही है। वही प्रतिदिन हो रहा मां नर्मदा के सोना दहार नर्मदा घाट पर दूध अभिषेक। वही कथा के आयोजन में केशव गिरी महाराज द्वारा मौजूद भक्तों को कथा सुनाते हुये कहा कि सावन माह भगवान शिव को समर्पित है। पूरे माह श्रावणी मेला का आयोजन होते है। शिव की आराधना में भक्त लगे हुए रहते हैं। शिवलिंग की पूजा होती है। महिलाओं को अगर संतान की प्राप्ति नहीं होती है तो शिवलिंग को कच्चे दूध से जलाभिषेक करें। क्योंकि सावन मास शिवलिंग की आराधना सुख-शांति देती है। कथा व्यास केसव गिरी महाराज ने कहा कि विशेष समस्या समाधान में किसी प्रकार अभिषेक करना चाहिए। इस बारे में उनके द्वारा बताया गया कि धन-संपदा प्राप्त करने के लिए शिवलिंग का गन्ने के रस से अभिषेक करना चाहिए। औरतों के तीनों दोषों को दूर करने के लिए शिवलिंग का कच्चे दूध से अभिषेक करना चाहिए। स्त्रियों के तीनों दोष हैं होते है, जिसमें बंध्या, जिसमें संतान उत्पत्ति की शक्ति नहीं होती है। काक बंध्या, जो जीवन में केवल एक ही बार गर्भवती होती है। मृतवत्सा, जो संतान को जन्म तो देती है, किंतु वह जिन्दा नहीं रह पाती है। बुखार आदि प्रकोप से मुक्ति पाने के लिए जलधारा से शिवलिंग की पूजा करें। वंश वृद्धि के लिए शुद्ध देशी घी से शिवलिंग का अभिषेक करें। पाप से मुक्ति पाने के लिए शहद से शिवलिंग का पूजन करें। हर प्रकार के रोगों से मुक्ति पाने के लिए शिवलिंग का पूजन पीले सरसों के तेल से करें। लंबी आयु की प्राप्ति के लिए दूध से शिवलिंग का अभिषेक करें। संतान प्राप्ति के लिए शर्करा से शिवलिंग का अभिषेक करने का विधान बताया गया है।

## शहर की तरह गांवों के तालाबों का उद्धार होने की महसूस की जा रही आवश्यकता

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शहर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समीप बना हुआ तालाब वर्तमान स्थिति जिस तरह अपनी सुन्दरता का प्रदर्शन करते हुये लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है निश्चित तौर से नगर की समाजसेवी लोगों के द्वारा किये गये प्रयास की एक अनूठी पहचान का उल्लेख जान पड़ रहा है? यदि इस तालाब की सच्चाई पर गौर किया जावे तो कुछ वर्ष पहले जहां जहां यह तालाब जल विहीन होकर सपाट मैदान में तब्दील हो चुका था। वही नगर के इस एक मात्र तालाब में उगी झाडियों ने इसका अस्तिव ही मिटा दिया गया था। वही वर्षो पहले उक्त तालाब का गहरीकरण कराने की प्रशासन ने कवायद की थी किन्तु इस तालाब को बिना गहरा किए असुरक्षित छोड़ दिया गया था, जिसके चलते नपा के प्रयासों से बीते हुए वर्ष उसकी चारों का बाउन्ड्री बाल करते हुए सुन्दर बनाने का प्रयास किये जाने के साथ साथ इस तालाब को नगर के समाजसेवियों द्वारा छेड़ी गई मुहिम का परिणाम है कि यह तालाब दिनों दिन जहां अपने अनोख रूप धारण करते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर इस मार्ग से निकलने वाले लोगों के लिये आकर्षित करने से भी नही चूक रहा है। इस तरह नगर के समाजसेवियों द्वारा तालाब को लेकर छेड़ी गई इस मुहिम के चलते निश्चित ही संपूर्ण क्षेत्र में अनोखा संदेश मिलते हुये जान पड़ रहा है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि क्षेत्र का ऐसा कोई गांव नही होगा जहां पर तालाब के नाम पर शासकीय भूमि नही पड़ी हो..? मगर वहां पर तालाब तो नजर नही आ रहे है और अतिक्रमण की भेंट चढ़ते चले जा रहे है। क्योंकि इस तरह गांवों में तालाब के नाम पर पड़ी हुई उस शासकीय भूमि पर निश्चित तौर से प्रभावशाली लोगों की फसल जरूर लहलहाते हुये देखी जा रही है, जो प्रशासन की उदासीनता का खुला प्रमाण देते हुये गांवों में बने हुये तालाबों का आस्तित्व ही समाप्त हो चुका है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो लगभग 12 वर्ष पूर्व गांवों में तालाब बनाने की योजना के तहत गांव गांव तालाबों को निर्माण कराते हुए जहां सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च किये गये थें। मगर वर्तमान स्थिति में तालाबों को देखते हुए जहां उस समय खर्च किया गया रूपया सिर्फ बर्बादी के आलवा और कुछ जान नही पड़ रहा है? वही दूसरी ओर तालाबों के नाम पर पड़ी शासकीय भूमि पर या तो किसी प्रभावशाली व्यक्ति का कब्जा बना हुआ है या फिर किसी की फसल लहरा रही है? मगर जिन जगहों पर कुछ तालाब शेष बचे हुए है उनकी स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह सूख चुके है और उनकी गहराई कम होती जा रही है साथ ही अस्वच्छता ने गांवों के तालाबों का बुरा हाल कर दिया गया है।

## पीएमश्री कन्या नवीन स्कूल में प्रवेश उत्सव के दौरान पुलिस ने अपराधों के प्रति छात्राओं को जागरूक करने के लिये पहल कार्यक्रम का किया आयोजन





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

मंगलवार को राज्य शासन के निर्देशानुसार नये शिक्षण सत्र के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय पीएमश्री कन्या नवीन स्कूल मे प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ब्लाक शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या एवं बीआरसी संदीप स्थापक ने नवप्रवेशी छात्राओं का रोरी लगाकर स्वागत किया एवं पुस्तकें वितरित की।मंचीय कार्यक्रम मे भाजपा नेता घनश्याम राजपूत, सेवानिवृत प्राचार्य आरती पाठक, संस्था प्राचार्य लेखा कौरव ने अपने उदबोधनों मे छात्राओं से प्रतिदिन स्कूल आकर बेहतर पढ़ाई करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र झारिया एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता राजेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम मे विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसके उपरांत नाबालिक बालक एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराजिता अभियान के तहत एक और ''पहल'' की शुरूआत करते हुये छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से नगर निरीक्षक विक्रम रजक के आलवा एस आई मनीषा लिल्हारे, वर्षा धाकड़, प्रधान आरक्षक अंजली दुबे, आरक्षक बालकृष्ण रघुवंशी, दिनेश पटैल, एश्वर्य वेकट सहित अन्य लोग मौजूद थें। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एक और पहल की शुरूआत नाबालिकों द्वारा बहकावे एवं नासमझी में उठाए गए गलत कदम से जीवन में आने वाली चुनौतियां के संबंध में जागरूक करने के लिये यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इस तरह जिला पुलिस द्वारा अपराजिता अभियान के तहत महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी निरंतर लोगों के बीच पहुंचकर संवाद स्थापित किया जा रहा है। नाबालिकों के विरुद्ध यौन उत्पीड़न और हिंसा को समाज के द्वारा अक्सर नजर अंदाज किया जाता है साथ ही नाबालिकों द्वारा इसे प्रकट करने में भी संकोच किया जाता है। इस प्रकार की चुनौतियों से निपटने के लिए एक और पहल करते हुए दिनांक 1 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसकी शुरूआत करते हुये नगर के पीएम श्री कन्या नवीन स्कूल में कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों द्वारा बच्चों को उनके द्वारा किसी के बहकावे एवं नासमझी में उठाए गए गलत कदम से जीवन में आने वाली चुनौतियां के संबंध में अवगत कराया गया साथ ही समझाईस भी दी गयी। 'पहल'' के तहत प्रथम दिन स्कूलों में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सामाजिक संगठन के सदस्यों को अपने साथ लेकर स्कूलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाकर नाबालिकों को समझाईस दी गयी है। इस अभियान का उद्देश्य - नाबालिकों के द्वारा बहकावे में आकर पढ़ाई, घर, परिजन छोड़ने से आने वाली चुनौतियां को बताकर उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवार और समाज का महत्व समझाते हुए अच्छे कैरियर का मार्गदर्शन देना।

**खबर संक्षेप**

## कोयला उद्योग में कर्मचारियों और उनके आश्रितों के हित में निर्णय पर पुनः विचार की मांग

**अनूपपुर।** कोयला एवं खान मंत्री द्वारा हाल ही में जारी पत्र में यह उल्लेख किया गया कि NCWA के खंड 9, 4, और 0 के कार्यान्वयन के मामले में CIL (कोल इंडिया लिमिटेड) के शीर्ष सलाहकार समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि विकलांग कर्मचारियों के आश्रितों को रोजगार प्रदान करने के लिए इन प्रावधानों को पुनः लागू करना संभव नहीं है। इस निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस जिला संगठन मंत्री, मनोज मिश्रा ने कहा कि यह निर्णय कोयला उद्योग के कर्मचारियों और उनके आश्रितों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि 27 जून 2024 को हुई बैठक में CIL प्रबंधन और ट्रेड यूनियनों के नेताओं ने सहमति से इस प्रावधान को समाप्त करने का निर्णय लिया था। मिश्रा ने बताया कि इस दौरान कोई विरोध नहीं किया गया और ना ही कर्मचारियों को इस बारे में सूचित किया गया, जिनके योगदान से ये नेता अपनी स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय कोयला उद्योग के कर्मचारियों और उनके आश्रितों के हित के खिलाफ है, और इसमें जितनी जिम्मेदारी CIL प्रबंधन की है, उससे कहीं अधिक दोष ट्रेड यूनियनों के नेताओं का है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अब ये नेता निर्णय के खिलाफ दिखावा कर रहे हैं, जबकि पहले उन्होंने चुप्पी साधी थी। मनोज मिश्रा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस निर्णय पर पुनः विचार किया जाए और कोयला उद्योग के श्रमिकों और उनके आश्रितों के हित में प्रावधान को यथावत रखा जाए। कोयला उद्योग के कर्मचारियों और उनके परिवारों को राहत देने के लिए यह मामला आगे बढ़ने की संभावना पर सवाल उठने लगे हैं।

## आवारा कुत्तों के हमले से घायल नर चीतल की मौत

**अनूपपुर।** मंगलवार के दोपहर वन डिपो जैतहरी के समीप विचरण कर रहे तीन चीतलो पर आवारा कुत्तों द्वारा दौड़ा का हमला किया जिसमें एक नर चीतल के गंभीर रूप से घायल होने पर मौत हो गई घटना पर वन विभाग द्वारा कार्यवाही की गई। घटना के संबंध में बताया गया कि मंगलवार की दोपहर वन डिपो जैतहरी के समीप तीन चीतल जिसमें नर, मादा एवं बच्चा विचरण कर रहा था इसी दौरान कई आवारा कुत्तों द्वारा पीछा कर दौड़ाया गया जिससे नर चीतल पर कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसकी कुछ देर बाद मौत हो गई, वही मादा बच्चे को ले कर जंगल की ओर चली गई, घटना की स्थानिक अशोक सोनी द्वारा वनविभाग सूचना दिए जाने पर परि, सहायक जैतहरी पूरन सिंह, वनरक्षक सत्येंद्र मिश्रा सुरक्षाश्रमिकों के साथ स्थल पर पहुंचकर मृत चीतल को अपनी अभिरक्षा में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दिए जाने पर पशु चिकित्सा डॉ, सचिन समौया, नायक तहसीलदार जैतहरी संजय जाट, प्रशिक्षु आईएफएस अशोक साहू, वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल, वनरक्षक रामनिवास एवं सुरक्षाश्रमिकों की उपस्थिति में मृत चीतल का पंचनामा, पीएम की कार्यवाही के साथ कफन से सम्मान करते हुए दाह संस्कार किया गया।

# समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा को 'गद्दार' कहे जाने पर विरोध, ज्ञापन सौंपा

### राजपूत करणी सेना और वीर राठौर दुर्गा दास विकास समिति ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन




समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा को 'गद्दार' कहे जाने के विरोध में मंगलवार को राजपूत करणी सेना और वीर राठौर दुर्गा दास विकास समिति ने प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

**डिंडौरी ।** संगठनों के सदस्यों ने सांसद के बयान को ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत बताते हुए इसे राष्ट्रभक्तों का अपमान करार दिया। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधियों ने कहा कि महाराणा सांगा भारतीय इतिहास के वीर योद्धा थे, जिन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ संघर्ष किया। ऐसे महापुरुष को गद्दार कहना अस्वीकार्य है।प्रदर्शनकारियों ने सांसद से अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। साथ ही, प्रशासन से अनुरोध किया कि इस तरह के विवादित बयानों पर उचित कार्रवाई हो।प्रशासन ने ज्ञापन स्वीकार कर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। इस बयान को लेकर क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और विभिन्न संगठनों ने इसे निंदा योग्य बताया है।





# स्कूलों का समय बदला, अब सुबह 7:30 से दोपहर 12:00 तक लगेंगी कक्षाएँ

**डिंडौरी ।** जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है। अब कक्षा पहली से बारहवीं तक की सभी शासकीय, अशासकीय और सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों का संचालन सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगा। विगत दिनों शासकीय शिक्षक संगठन ने गर्मी के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए डिंडौरी कलेक्टर नेहा मारव्या सिंह को पत्र लिखकर स्कूलों का समय बदलने की मांग की थी। इस पर संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा केंद्र (सर्व शिक्षा अभियान) कार्यालय से आदेश जारी किया गया है। नए आदेश के तहत 1 अप्रैल 2025 से आगामी आदेश तक यह समय प्रभावी रहेगा। दोपहर 12:00 बजे के बाद किसी भी स्थिति में कक्षाएँ संचालित नहीं की जाएंगी। हालांकि, मूल्यांकन कार्य पूर्व निर्धारित समयानुसार ही संपन्न किए जाएंगे।इस बदलाव से विद्यार्थियों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

## धान उपार्जन एवं मिलिंग के संबंध में जांच दल गठित - जांच दल गठित कर एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

**डिंडौरी।** म.प्र. खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन तथा जिले में उपार्जन केन्द्रों से प्रदाय धान के सत्यापन ध्जांच हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गए है। जारी निर्देश के परिपालन में कलेक्टर के निर्देशानुसार धान उपार्जन एवं मिलिंग के संबंध में जिले में जांच दल गठित किया गया है जिसमे रामबाबू देवांगन डिप्टी कलेक्टर अध्यक्ष, अम्भोज श्रीवास्तव (संयोजक) तथा शानू चैधरी एआरसीएस सदस्य अशोक राजपूत जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी (सदस्य), एच.एल.मरावी जिला प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी सदस्य है, जिसमें खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान में से गोदामों में से पूर्ण धान जमा न होने एवं मिलर्स द्वारा उपार्जन केन्द्र से सीधे धान उठाव हेतु सीएसएमएस पोर्टल पर धान परिवहन में छोटे सीमित लोडिंग क्षमता के वाहनों का उपयोग, लंबी दूरी के गंतव्य के लिए वाहन द्वारा एक-दो दिन में कई फेरे लगाना, पोर्टल पर दर्ज वाहन अन्य राज्यों में कार्यरत पाया जाना, मिलिंग, सी.एम.आर. जमा में अनियमितता जैसी अनियमितताएँ प्रकरण प्रकाश में आई है, उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन एवं मिलिंग हेतु धान परिवहन के संबंध में निम्न बिन्दुओं पर जांच कराये जाने के निर्देश दिए गए है। धान उपार्जन मात्रा अनुसार गोदाम में जमा न होना, उपार्जन केन्द्र से मिलर्स द्वारा उठाई गई धान की अफरा-तफरी करना उक्त अधिकारी जांच रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किये गए है तथा जांच के बिंदुओ में उपार्जित धान मात्रा, धान परिवहन मात्रा, धान जमा मात्रा, धान कमी मात्रा, मिलर्स को भुगतान की स्थिति, मिलरवार धान प्रदाय मात्रा, मिलरवार धान उठाव मात्रा, मिलरवार सीएमआर जमा मात्रा की जांच करेंगे, अरुण मौर्य, वरिष्ठ सहायक नागरिक आपूर्ति निगम जांच कार्य में आवश्यक जानकारियों को उपलब्ध कराते हुए सहयोग प्रदान करेंगे। इसके साथ ही यह भी आदेशित किया गया है कि जांच के दौरान जिला प्रबंधक, म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कॉपोरशन द्वारा मिलर्स को धान के नये डिलेवरी ऑर्डर जारी नहीं किये जायेंगे, जांच उपरांत जो मिलर्स सही पाये जायेंगे, उन्हें ही धान के डिलेव्हरी ऑर्डर किये जायेंगे एवं सीएमआर जमा के समय चावल की गुणवत्ता परीक्षण के साथ-साथ एज टेस्ट अनिवार्य रूप से कराया जाये, ताकि पुराने चावल की रि-सायक्लिंग रोकी जा सके। अतः उक्त जांच दल द्वारा जांच की कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण करना सुनिश्चित करे, साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर जिला उपार्जन समिति कार्यवाही करे तथा यदि शासन स्तर से कार्यवाही अपेक्षित है तो तत्काल प्रतिवेदन भेजने हेतु निर्देश दिए गए है।

# जनसुनवाई में प्राप्त 59 आवेदनों की हुई सुनवाई



**डिंडौरी।** कलेक्टर मारव्या ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 59 आवेदन प्रस्तुत किये गए जिनका त्वरित निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। आज जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देंवागन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आज ग्राम पंचायत बुलदा मढ़ियाटोला के ग्रामीणों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि ग्राम पंचायत बुलदा पोषक ग्राम अमरपुर मढ़ियाटोला में पानी की समस्या के बारे में अवगत कराया और पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने उक्त आवेदन पर कार्यवाही करते हुए पेयजल समस्या का तत्काल निराकरण करने के लिए कार्यपालन यंत्री पीएचई को निर्देशित किए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत साम्हर के बैगानटोला के समस्त ग्रामवासी ने बताया की ग्राम पंचायत साम्हर का बैगनटोला पूरा बैगा जनजाति का टोला है, बैगानटोला मे हमेशा पेयजल की समस्या बनी रहती है। गांव में दो हैंडपंप है लेकिन दोनों हैंडपंप की गहराई कम होने के कारण जलस्तर की समस्या आ जाती है जिसके कारण ग्रामवासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत चांदरानी विकासखंड समनापुर के आवेदक रामशंकर सिंह ने बताया कि उनके मोहल्ले में 1 किलोमीटर तक पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाता, उन्होनें पेयजल हेतु हैंडपंप खनन कराने की मांग की। आवेदक प्रीतम सिंह निवासी वार्ड क्र. 11, पुरानी डिंडोरी ने शासकीय नाला भूमि पर अतिक्रमण करने की शिकायत की है। शिकायत में बताया कि लाला सोनवानी द्वारा जेसीबी मशीन का उपयोग कर अवैध कब्जा किया गया है, जिससे नाले का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो रहा है। आवेदक ने अवैध कब्जे को हटाकर नाले की भूमि को मुक्त कराए जाने की मांग की है। ग्राम भालूचूहा निवासी आवेदक श्री उदय सिंह मरावी ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि 24 नवंबर 2024 को उसके घर में आग लग जाने से घरेलू सामग्री जल गई, जिसकी क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजा राशि दिलाए जाने की मांग की है। आवेदक नीरज कुमार गुप्ता निवासी ग्राम अमेरा ने सड़क निर्माण कार्य से जुड़ी समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़क निर्माण कार्य के दौरान नाली का समुचित प्रबंधन नहीं किया गया। आवेदक ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण में तकनीकी खामियों को दूर कर उचित समाधान निकाला जाए, ताकि निवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया। साथ ही आवेदनों का निराकरण कर आवेदकों को सूचित करने को कहा। जनसुनवाई में आज राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए।

# पृथ्वी सेना ने जीता एमपीएल प्रतियोगिता का खिताब



**डिंडौरी ।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत चांदपुर में पृथ्वी सेना द्वारा जिले भर में पिछले 4 वर्षो से पर्यावरण एवं जल संरक्षण का कार्य करती आ रही हैं। इसके प्रचार प्रसार के लिए पृथ्वी सेना चांदपुर क्रिकेट प्रतियोगिताओं में लगातार हिस्सा लेती हैं। जिसमें इस वर्ष ग्राम सिंधौली मोहगांव में आयोजित एमपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया एवं फाइनल में सफलता पूर्वक पहुंच कर पृथ्वी सेना और मोहगांव का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पृथ्वी सेना ने निर्धारित 10 ओवर में 130 रन बनाकर 131 रनों का लक्ष्य सिंधौली मोहगांव के लिए रखा। जिनमें से अर्पित तिवारी ने नाबाद 42 रन, उमेश ठाकुर ने 22 रन, संजय बनवासी ने 20 रन एवं पूरन ने 26 रनों की नाबाद पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मोहगांव सिंधौली की टीम महज 70 रन ही बना सकी। पृथ्वी सेना की ओर से गेंदबाजी करते हुए बेटू और प्रवीण ने 2-2 विकेट, पूरन और जीतेश शुक्ला ने 1-1 विकेट लिए। साथ ही फाइनल मुकाबला जीतकर पृथ्वी सेना ने खिलाड़ियों और दर्शकों को जलसंरक्षण और वृक्षारोपण का संदेश दिया।

## सीएम राइस विद्यालय धनुवॉ सागर डिंडोरी में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव नए प्रवेशि छात्र छात्राओं का शाला स्टाफ द्वारा तिलक वंदन कर किया गया स्वागत



**डिंडौरी।** दिनांक 1 अप्रैल 2025 को शासन के निर्देशानुसार सीएम राइस धनवॉसागर में हर्षोल्लास के साथ प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम संपन्न किया गया।इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावक एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों की सहभागिता रही, विद्यालय के प्राचार्य जे एस मरकाम एवं शिक्षकों के द्वारा बच्चों का तिलक वंदन कर सर्वप्रथम स्वागत किया गया ।इसके पश्चात मां सरस्वती की पूजन वंदन के साथ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के साथ साथ अभिभावकों ने भी सहभागिता प्रदान की, वहीं शाला के प्राचार्य जेएस मरकाम द्वारा बच्चों को शाला से संबंधित दिशा निर्देश देते हुए अन्य जानकारियां दी गई, जिसके पश्चात पुस्तक वितरण कर छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### वहीं शाला के शिक्षकों द्वारा बच्चों का मुंह मीठा कराते हुए उन्हें टॉफी वितरित की गई

कार्यक्रम के सफल क्रियान्वन में डॉ. श्रीमती कंचन बर्मन, श्रीमती रूप सिंह कुमारी नम्रता लोमेश, गणेश प्रसाद उईके, अनिल कुमार श्याम, महिताब सिंह धुर्वे, विनय बिल्थरे, अवधेश गवले, श्रीमती क्षमा पांडे, सौरभ यादव, लक्ष्मण भवेदी समेत शिक्षकों के साथ साथ शाला का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। और सभी के सराहनीय सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर विद्यालय में किया गया स्वागत



**अमरपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत एकीकृत माध्यमिक शाला सारंगढ़ में शााला प्रवेशोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रवेशोत्सव के अवसर पर शाला प्रबंधन समिति, अभिभावक गण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में निःशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण कर ग्राम में स्कूल चले अभियान की विशाल रैली निकाल कर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक मधुदीप उपाध्याय ने बताया कि आज कक्षा पहली में पांच बच्चों का दाखिला किया गया तथा कक्षा पहली से लेकर कक्षा आठवीं तक सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया तथा सभी पालकों से अपील की गई हैं कि अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। जिससे की उनकी मूलभूत दक्षता में वृद्धि हो आज के आयोजन में मुख्य रूप से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष यशोदा मसराम, सुखीराम यादव पंच, पतिराम धुर्वे पंच, प्रभारी प्रधानाध्यापक मधुदीप उपाध्याय, शिक्षिका सुमन मरावी, राम प्रसाद यादव, संतोष मसराम, भगत सिंह मरकाम, बाबूराम मरावी, रमेश यादव, छिंदलाल कुशराम, रूप सिंह मरावी, राय सिंह मरावी, कुमारी बाई पट्टा, मीना मरावी, कौशल कुशराम, पुष्पा धुर्वे, कुन्नीबाई यादव, रामवती यादव, अमरवती यादव आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण हेतु गंगा जल संवर्धन अभियान का सफल आयोजन



**डिंडौरी ।** जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए ग्राम लाखो में गंगा जल संवर्धन अभियान सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा चयनित आराध्या समाज सेवा संस्था ने स्पेक्टर क-1 ग्राम लाखो में उ. बोरियों का बंधान निर्माण किया। इस महत्वपूर्ण पहल में ग्राम लाखो प्रस्फुटन समिति के सदस्य, ब्लॉक समन्वयक गणेश राजपूत, आराध्या समाज सेवा संस्था के अध्यक्ष राजीव बर्मन और मेंटर प्रकाश राजपूत की उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व समय में कई कुएं और बावड़ियां वर्षभर जलयुक्त रहते थे, लेकिन उचित देखभाल के अभाव में ये विलुप्त हो गए। अब समय आ गया है कि इन पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं। गंगा बल संवर्धन अभियान को जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के लिए एक क्रांतिकारी पहल बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि इससे न केवल जल स्त्रोतों का पुनर्भरण होगा, बल्कि कृषि, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि रामसेतु डेम सहित अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण हेतु भी अभियान चलाए जाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और जल संरक्षण अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## तीन रुपों में दर्शन देती है मां हरसिद्धी, जल चढ़ाने श्रद्धालुओं का लगा तांता





तेंदूखेड़ा- शक्ति साधना का महापर्व चैत्रीय नवरात्र संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। नगर मे लगभग एक सदी पूर्व मुख्य रूप से चार दिशाओं में चार हरसिद्धी मठों की स्थापना की गई है। जिसमें बड़ी हरसिद्धी के नाम से विख्यात मां भगवती दिन मे अपने तीन स्वरूपों में भक्तों को दर्शन दिया करती है। श्रद्धालु जन अपनी अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार माता रानी की भक्ति में लीन बनें हुए हैं। कोई नंगे पैर तो कोई मौन धारण कर व्रत रखकर मातारानी की साधना कर रहे है। वहीं क्षेत्र का सबसे प्राचीन सिद्ध हरसिद्धि मंदिर में सुबह चार बजे से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां हरसिद्धि को जल चढ़ाने के लिए कतार वद्ध हो जाते हैं। शाम के समय भी आरती में दर्शनार्थियों की भीड़ एकत्रित हो जाती है। जनास्था के केंद्र बनें इस मंदिर में विराजमान मां हरसिद्धि देवी दिन में अपने तीन रुपों में दर्शन दिया करती हैं प्रातःकाल बाल दोपहर में युवा और शाम को वृद्ध स्वरुप में दर्शन होते है। उनके हिसाब से ही चेहरा स्पष्ट झलकता है। वैसे तो प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं लेकिन चैत्रीय और शारदीय नवरात्र में मां हरसिद्धि देवी के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में सपरिवार पहुंचा करते हैं। सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूर्ण होने के कारण लोगों की आस्था बनी हुई है। नवरात्रि में पूजन के लिए श्रद्धालुजन दूर दूर से यहां आकर पूजन अर्चन किया करते है ।मंदिर के इतिहास के बारे में पुराने लोग बताते हैं कि यह मंदिर लगभग 150 वर्ष पुराना है। किसी विश्वकर्मा श्रद्धालु द्वारा इसे बनवाया था। सागर जिले की रानगिर और इस मंदिर में विराजमान हरसिद्धि देवी एक स्वरुप में है। नगर के बाहर घने जंगल के बीच इस मंदिर को बनाया था। अधिक जंगल होने के कारण जंगली जानवरों का भी यहां पर डेरा बना रहता था। बाजू से बहने वाली नदी में वर्ष भर पानी रहने के कारण पानी पीने मंदिर के इर्द गिर्द जानवर घूमते नजर आते थे। घनघोरता और जानवरों के भय से लोग अकेले नहीं आ पाते थे। लेकिन शनै शनै कटते जंगलों के कारण जहां जानवर भी भाग निकले वहीं अब मंदिर परिसर ने विशाल स्वरुप धारण कर लिया है श्रद्धालु जनों के सहयोग से विशाल मंदिर बन गया है।

### अखंड ज्योति एवं जबारे कलश की स्थापना

वैसे तो वर्ष भर तरह-तरह के अनुष्ठान पूजन कार्यक्रम यहां पर चलते रहते हैं लेकिन नवरात्रि में विशेष साधना मंदिर परिसर में संपन्न हुआ करती हैं। अखंड ज्योति के साथ दुर्गा पाठ परिसर में जवारे कलश तथा दुर्गा प्रतिमा भी विराजमान की जाती है। मंदिर की विशेष साज-सज्जा भी की गई है। यह मंदिर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 भोपाल जबलपुर सड़क मार्ग के बीचों-बीच तेंदूखेड़ा में स्थित है। मंदिर के रसिक पुजारी ने बताया कि काफी लंबे समय से यहां पर पूजन करते चले आ रहे हैं। प्रात काल जल चढ़ाने वालों की लंबी लंबी कतारें लगा करती है । रात्रि में आरती और दर्शन के लिए श्रंद्धालुजन आते हैं। पंचमी तिथि पर देवी गीतों का आयोजन हुआ करता है तथा दोपहर में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन होते हैं। तथा निर्माण समिति प्रमुख मुकेश बाजपेई बताते हैं कि यह मंदिर जनास्था का केंद्र बना हुआ है जनसहयोग से ही विशाल भव्य मंदिर का स्वरुप धारण कर पाया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी समय-समय पर बड़ी राशि देकर यहां पर निर्माण में अपना योगदान दिया है। जिसे काफी सुव्यवस्थित बनाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त भृत्य व आचार्यों को दी विदाई

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिवस सेवानिवृत्ति उपरांत आठ आचार्यो व भृत्य के सम्मान में विदाभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। उक्त समारोह में प्रबंध समिति अध्यक्ष निरंजन सिंह पटेल उपाध्यक्ष संजय दुबे व्यवस्थापक धर्मेन्द्र सिंह ममार पूर्व प्राचार्य प्रमोद कुमार दुबे प्राचार्य राकेश कुमार स्थापक प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेन्द्र पटैल पूर्व आचार्य मुन्नालाल सराठे, श्रीमती निर्मला खत्री, श्रीमती सुमन गुप्ता, पंडित अरुण दुबे, कैलाश चंद साहू की उपस्थिति में विदा ले रहे आचार्य ईश्वर दास बैरागी, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव गंगाराम विश्वकर्मा श्रीमती रमा गुप्ता, रमाकांत नामदेव, श्रीमती संगीता नामदेव, श्रीमती पुष्पलता वाजपेयी, रामशंकर पटेल एवं भृत्य केवट सिंह नौरिया को ससम्मान विदाई दी गई। विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान पत्र व स्मृति उपहार प्रदान कर सम्मान किया गया। सेवानिवृत्त आचार्यो के परिजनों एवं अभिभावक मूलचंद सेन, रामचरण सोनी ने भी उपस्थित होकर पुष्पमाला व स्मृति उपहार प्रदान कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। आचार्यो के सम्मान में विदाई गान की प्रस्तुति दी गई।

### पशुपालक योजना हेतु पंजीयन 4 तक

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** भारतीय गोवंशीय गायों के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए विशेष पुरस्कार योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के तहत जिले के पशुपालक 2 अप्रैल से 4 अप्रैल 2025 तक पंजीयन करा सकते हैं। उच्च उत्पादकता वाली गायों को विशेष पुरस्कार दिया जायेगा। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपये और राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार दो लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार एक लाख रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 50 हजार रुपये दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए पशु पालन विभाग नरसिंहपुर, विभागीय वेबसाइट पर जाकर और नजदीकी पशु चिकित्सा केन्द्र से सम्पर्क किया जा सकता है।

### सेन समाज की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सोमवार को स्थानीय सदर मढ़िया प्रांगण में सेन समाज बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सभी सामाजिक बंधुओं से आगामी सेन जयंती के कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार कर चर्चा की गई। सभी सामाजिक बंधुओं द्वारा आयोजन को लेकर अपने विचार रखे गये। बैठक में सेन समाज अध्यक्ष प्रदीप सेन, मुन्ना लाल सेन, साहब लाल सेन, रामचरण सेन, विजय सराठे, मौनू सेन, ज्ञानी सेन, प्रवेश सेन सहित बड़ी संख्या मे सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना की बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना के स्थाई साधन महिला एवं पुरूष नसबंदी अपनाने के उपरांत हुई प्रतिकूल घटनाओं जैसे मृत्यु, रोग अक्षमता अथवा शल्योत्तर जटिलता संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। यह बैठक दो अप्रैल को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी।

### महिला से मारपीट का वीडियो वायरल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली के नलकूप कालोनी निवासी महिला के साथ व्यक्ति द्वारा मारपीट की जा रही है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के बाद महिला द्वारा थाना कोतवाली पहुंचकर आरोपी खेमचंद के विरूद्ध शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार एवं प्राचार्य एस के बक्शी के निर्देशों के परिपालन में शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। अतिथियों द्वारा माता सरस्वती की पूजन वंदना की गई। कार्यक्रम में बृजभूषण वाजपेयी (पूर्व जनपद सदस्य) सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह पटेल विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुनील दीक्षित, पुरुषोत्तम किंकर, जे.पी कोरी , शरद कुमार गुप्ता, रामेश्वर धुर्वे, पुष्पेन्द्र पूषाम, श्रीमती सरिता कोरी, कुमारी शायन फरहीन उस्मानी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथि स्वागत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रभारी प्राचार्य तरुवर पटेल द्वारा विद्यालय स्तर पर आयोजित मध्यप्रदेश शासन की नीतियों एवं उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विषय में सभी को जानकारी प्रदान की गई। राजेश सिंगोतिया द्वारा विद्यार्थियों एवं पालकों को शिक्षा एवं विद्यालय के शिक्षकों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। सुनील कुमार दीक्षित द्वारा प्रेरणादायक उद्बोधन दिया गया। श्रीमान बृजभूषण वाजपेई द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। तत्पश्चात वाजपेई , सुरेंद्र सिंह पटेल, जे.पी.कोरी, अमित कहार, आशुतोष नामदेव एवं समस्त स्टाफ के द्वारा विद्यार्थियों को नवीन शैक्षणिक सत्र की पुस्तकें प्रदान की गईं। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती रानू कटारे कुमारी रक्षा चैरसिया, रोहित कुमार लोधी, संतोष विश्वकर्मा, रूपेन्द्र पाटकार, यश गुप्ता, स्वपनेश अड़ने, प्रशांत नामदेव, गनेश प्रशाद अहिरवार, धर्मेश ठाकुर एवं दीपचंद मुड़िया की अहम भूमिका रही।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली और पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में दो अप्रैल को आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम में शामिल होंगी। वे स्कूल में जाकर प्रेरक की भूमिका के रूप में एक पीडियड का अध्यापन करायेंगी। इसके अलावा वन मंडल अधिकारी लवित भारती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया- चिनकी, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर और अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम में शामिल होंगी। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले के अधिकारियों को विभिन्न शासकीय स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम में सहभागिता के लिए शालायें आवंटित की हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एक अप्रैल से 4 अप्रैल तक जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में स्कूल चले हम अभियान सत्र 2025- 26 के तहत विविध कार्यक्रम व गतिविधियां आयोजित होंगी। इसी परिपेक्ष्य में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी एक शाला में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को एक पीरियड अध्यापन व मार्गदर्शन और प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से कलेक्टर ने आदेश जारी किया है।

### कलेक्टर ने प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार- प्रसार के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह चलित रथ जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर विभागीय योजनाओं की जनहितैषी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती अंजना त्रिपाठी, अन्य अधिकारी- कर्मचारी और विभागीय अमला मौजूद था।

## जिपं अध्यक्ष व कलेक्टर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में हुई शामिल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति काकोड़िया व कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले पीएम श्री शासकीय उच्चतर कन्या महारानी लक्ष्मी बाई नरसिंहपुर में आयोजित प्रशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के पूजन से किया गया। अतिथियों ने यहां घंटा बजाकर शाला का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती काकोड़िया ने छात्राओं से खूब मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए कहा। छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि आपको अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना होगा और उसे पाने के लिए अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी। आपकी इस मंजिल तक पहुंचने में कई रुकावटें आएंगी, लेकिन आप यह समझे की सफलता कभी थाली में परोसी हुई नहीं मिलती है। इस परिप्रेक्ष्य में उन्होंने महाभारत के कर्ण के बारे में बताया।

### विद्यार्थियों को सुनाई प्रेरक कहानी

उन्होंने कहा कि कर्ण सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर बनना चाहते थे। उस समय यह युद्धकला और धनुर्विद्या सीखने में उन्हें काफी कठिनाई हुई। इसके बावजूद उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में सीखा और कर्ण महाभारत के सर्वश्रेष्ठ धनुर्धारियों में से एक बनें। यह उनकी लगन और परिश्रम को बताता है। आपको भी उनसे यह सीख लेनी चाहिए। आप की सफलता के लिए माता- पिता और गुरुजनों का सानिध्य बहुत महत्वपूर्ण होता है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि जिले का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। शिक्षकों ने बहुत ही मेहनत और लगन से अपना कार्य किया है। कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं के माता- पिता से कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि बच्चों पर पढ़ाई को लेकर अनावश्यक बोझ नहीं डालें। घर में भी पढ़ाई का सकारात्मक माहौल बने, यह जिम्मेदारी माता- पिता की है। माता- पिता यह पूछे कि बच्चे ने स्कूल में क्या पढ़ा गृहकार्य पूर्ण किया है- अथवा नहीं।

### विभिन्न माडलों का किया अवलोकन

कलेक्टर श्रीमती पटले ने छात्राओं से कहा कि वे बोलने की आदत डालें। इस बात से बिलकुल नहीं झिझकें कि आप गलत जवाब देंगे। आपके एक बार गलती करने से यह गलती आपको हमेशा याद रहेगी। इसलिए हमेशा प्रश्न पूछने की आदत डालें। इस अवसर पर छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया। स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया में भागीदारी करने पर कक्षा 8 वीं की छात्रा वैशाली सेन को प्रमाण पत्र प्रदान किया। छात्राओं द्वारा बनाये गये विभिन्न मॉडलों का भी अवलोकन किया। कक्षा 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किये। साथ ही छात्राओं के साथ शामिल होकर मध्यान्ह भोजन किया। इस अवसर पर डीपीसी आरपी चतुर्वेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रासी अग्रवाल, अन्य अधिकारी- कर्मचारी अभिभावक और छात्राएं मौजूद थी।

### निशुल्क गणवेश व पुस्तकें किए गए वितरित

राज्य शासन के निर्देशानुसार सीएम राइज विद्यालय नरसिंहपुर में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर सुनील कोठारी, प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा, प्रधान पाठक श्रीमती माधुरी गर्ग, स्कूल का स्टॉफ, अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम में घंटा बजाकर औपचारिक रूप से शाला का प्रारंभ किया गया। बच्चों को गणवेश एवं पुस्तकों का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। सुनील कोठारी ने अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि छात्र निर्माण में शाला और अभिभावक की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। प्राचार्य श्री मिश्रा ने नवप्रवेशी बच्चों और उनके अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने नये सत्र में नये परिसर में नर्सरी कक्षा खोलने और नये विषय शुरू करने की योजना के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में कक्षा पांचवीं व आठवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। कक्षा नवमी का 96 प्रतिशत और कक्षा 11 वीं का 97 प्रतिशत है। प्रधान पाठिका श्रीमती गर्ग ने प्रवेशोत्सव की चार दिवसीय रूपरेखा के बारे में बताया।

### बारूरेवा नदी में बनाया गया 106 बोरियों का बंधान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत 30 मार्च से हो चुकी है, जो लगातार आगामी 30 जून तक चलाया जायेगा। अभियान की शुरूआत से ही जिले में लगातार जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में जिले के ग्राम कठौतिया के बारूरेवा नदी में 106 बोरियों का बंधान किया गया, जो जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में प्रभावी पहल है। यह बोरी बंधान का कार्य मप्र जन अभियान परिषद करेली के तत्वावधान में नवांकुर संस्था कपूरी एवं विकास विकास प्रस्फुटन समिति कठोतिया के कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की सहभागिता से किया गया है।

### जनसुनवाई में आये 55 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार एक अप्रैल को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 55 आवेदन आये।



## क्षमा सबसे बड़ा धर्म है



तेंदूखेडा दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में तेंदूखेडा में बरिया बाला परिवार द्वारा श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ विधानाचार्य यज्ञाचार्य ब्रम्हचारी संजीव भैया नगर गौरव ब्रम्हचारी मनीष भैया पंडित कमल कुमार शास्त्री पंडित मयंक के निर्देशन में पूरी श्रद्धा भक्ति उत्साह एवं धार्मिक प्रभावना के साथ चल रहा है। सकल दिगंबर जैन समाज इसमें बढ चढ कर अपनी सहभागिता देकर पुण्यार्जन कर रही है ।सम्पूर्ण नगर में अद्वितीय धार्मिक वातावरण वना हुआ है। विधान के चतुर्थ दिवस विक्रिया औषधि बुद्धि रस चारण अक्षीण आदि चौसठ प्रकार की ऋद्धियों को धारण करने वाले ऋषियों को अर्घ्य समर्पित किये गये। विधान के बीच ज्ञान की गंगा भी अनवरत रुप से प्रवाहित हो रही है जिसके माध्यम से श्रद्धालु अपने जीवन को धन्य वनाने के लिये एक नई दिशा एवं ऊर्जा प्राप्त कर रहे हैं। ब्रम्हचारी संजीव भैया ने बडी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुये कहा कि जिसने जन्म लिया है उसको एक न एक दिन मृत्यु का भी वरण करना है यह ध्रुव सत्य है । इस सत्य को हमेशा याद रखना चाहिए। हमारे धर्मशास्त्र एक अच्छा जीवन जीने की कल तो सिखाते ही हैं परंतु सबसे बड़ी बात यह है कि वे हमें अच्छे मरण समाधि मरण की भी कला सिखाते हैं। शास्त्र कहता है कि यदि तुम संत नहीं बन सकते हो तो एक अच्छे गृहस्थ एक अच्छे श्रावक बन जाओ । अच्छा ग्रस्थ बनने का मतलब यह है कि जुआ शराब मांस सेवन पर स्त्री वेश्या गमन आदि दुर्व्यसनों से दूर रहो । देव पूजा गुरु उपासना स्वाध्याय संयम तप दान आदि दैनिक आवश्यक को प्रतिदिन करते रहो। एक अच्छे बेटे अच्छे भाई अच्छे पति अच्छे पिता बन जाओ तो तुम्हारा जीवन संवर जाएगा। किसी के द्वारा किए गए अच्छे कार्यों की सराहना करो इससे भी अच्छे कार्य करने का पुण्य प्राप्त होता है । ईर्ष्या द्वेष मत करो किसी का बुरा मत सोचो किसी से बुरा मत बोलो किसी का बुरा मत करो सभी की भलाई की कामना करते रहो दीन दुखियों के दुख में सामर्थ अनुसार सहभागी बनो तो एक आदर्श इंसान एक आदर्श गृहस्थी बन जाओगे। यह मानव जीवन बड़ी दुर्लभता से प्राप्त होता है आगे भी मानव बना है तो बुरे कार्य मत करो। सच्चे हृदय से क्षमा कर देना सबसे बड़ा धर्म है। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने कहा था कि यदि तुम अपना कल्याण चाहते हो तो अपने अपकारी को भी क्षमा कर देना क्योंकि क्षमा सबसे बड़ा धर्म है । करोड़ों पूजा से श्रेष्ठ एक स्तोत्र का पाठ करना है करोड़ों स्तोत्रों से श्रेष्ठ एक मंत्र का जाप करना है, करोडों मंत्रों के जाप से श्रेष्ठ अपनी आत्मा परमात्मा का ध्यान करना है और करोड़ों ध्यान से श्रेष्ठ किसी को सच्चे हृदय से क्षमा कर देना है क्योंकि क्षमा सबसे वडा धर्म है।

## नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत कर शाला में प्रवेश में मनाया प्रवेशोत्सव



**तेंदूखेड़ा।** विगत एक अप्रेल को नए शैक्षाणिक सत्र की पूरे राज्य में शुरुआत हो गई है। सभी शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का निशुल्क वितरण करते हुए रोली तिलक व पुष्प माला से उनका स्वागत करते हुए नई कक्षाओं में प्रवेश दिलाया गया। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी में जनपद सदस्य सूर्यकांत दिवगैंया पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना पटेल तथा सीएम राइज के प्रभारी प्राचार्य अंजेश पटेल की उपस्थिति में बच्चों को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अतिथियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा आप सभी को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण समेकित छात्रवृत्ति साइकिल वितरण आदि सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही साथ कक्षा पहली से लेकर कक्षा 8 तक के सभी बच्चों को निशुल्क मध्यान भोजन का भी वितरण प्रति दिवस शाला में किया जाता है। विगत शैक्षणिक सत्र में आप सभी के द्वारा बेहतर परिणाम हासिल किया गया हैं ।आगामी समय में चुनौतियां और विकराल होने वाली है क्योंकि अब नए शिक्षा अधिनियम लागू हो जाने के कारण शिक्षा का और विस्तार हो गया है ।नए सत्र से नए अंदाज के साथ अपना अध्ययन कार्य जारी रखें ताकि इस वर्ष और बेहतर परिणाम लाकर अपने ग्राम अपने माता-पिता और अपनी शाला परिवार का नाम रोशन हो सके। ज्ञात हो कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी में इस वर्ष कक्षा 9वी में 80 प्रतिशत 11वीं में 86 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है ।हाल ही में बोर्ड परीक्षाएं संपन्न हुई है। आने वाले माह में उनके परिणाम भी आने वाले हैं। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के शिक्षक छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन अतिथि शिक्षक राहुल पाठक के द्वारा किया गया।

### छत्तरपुर में भी मनाया प्रवेशोत्सव

चॉवरपाठा संकुल के अन्तर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय छत्तरपुर में प्रवेश उत्सव मनाया गया। नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया ।इस मौके पर जन शिक्षक ज्ञान सिंह कौरव ने नव प्रवेशी छात्रों के पालको एवं उपस्थित सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन में उतनी ही आवश्यक है जितना की हम प्रत्येक कार्य में रुचि रखते हैं। शिक्षा मनुष्य को सफलता दिलाती है। हमें समाज के बीच मानव सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उसके लिए अच्छी शिक्षा स्वास्थ्य और संस्कार तीन मूलकों का इंसान के अंदर होना भी बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के वाद विशेष भोज का आयोजन किया गया। सभी छात्रों को पुस्तक वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।इस मौके पर विद्यालय परिवार के शिक्षक तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।